**केन्द्रीय विद्यालय संगठन, सिलचर संभाग**

**सत्रांत परीक्षा 2025-26**

**कक्षा – 6**

| **समय – 2 घंटा 30 मिनट** | **विषय – हिंदी** | **पूर्णांक – 60** |
|---|---|---|

**सामान्य निर्देश -**

- सभी प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए।
- प्रश्न पत्र चार खंडों में विभाजित है: खंड 'क' (अपठित/पठित बोध), खंड 'ख' (व्याकरण), खंड 'ग' (पाठ्यपुस्तक) और खंड 'घ' (रचनात्मक लेखन) ।
- प्रत्येक प्रश्न के अंक सामने अंकित है।

| | | |
|---|---|---|
| | **खंड 'क' - अपठित एवं पठित बोध (20 अंक)** | |
| **प्रश्न 1** | **नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर का चयन कीजिए –** | 5 |
| | संसार में सबसे मूल्यावान वस्तु समय है क्योंकि दुनिया की अधिकांश वस्तुओं को घटाया-बढ़ाया जा सकता है, पर समय का एक क्षण भी बढ़ा पाना व्यक्ति के बस में नहीं है। समय के बीत जाने पर व्यक्ति के पास पछतावे के अलावा कुछ नहीं होता। विद्यार्थी के लिए तो समय का और भी अधिक महत्त्व है। विद्यार्थी जीवन का उद्देश्य है शिक्षा प्राप्त करना। समय के उपयोग से ही शिक्षा प्राप्त की जा सकती है। जो विद्यार्थी अपना बहुमूल्य समय खेल-कूद, मौज-मस्ती तथा आलस्य में खो देते हैं वे जीवन भर पछताते रहते हैं, क्योंकि वे अच्छी शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं और जीवन में उन्नति नहीं कर पाते। मनुष्य का कर्तव्य है कि जो क्षण बीत गए हैं, उनकी चिंता करने के बजाय जो अब हमारे सामने हैं, उसका सदुपयोग करें। | |
| **(क)** | उपरोक्त गद्यांश में कीमती वस्तु किसे माना गया है?<br>(i) जीवन को<br>(ii) अनुशासन को<br>(iii) समय को<br>(iv) खेल को | 1 |
| **(ख)** | किसने सुख के साथ जीवन गुजारा<br>(i) जिसने दुनिया में खूब धन कमाया<br>(ii) जिसने मीठी वाणी बोली<br>(iii) जिसने समय की कद्र की<br>(iv) जिसने समय को बर्बाद किया | 1 |
| **(ग)** | समय के बीत जाने पर व्यक्ति के पास केवल पछतावा क्यों बचता है?<br>(i) क्योंकि वह आलसी होता है।<br>(ii) क्योंकि गया हुआ समय वापस नहीं लाया जा सकता।<br>(iii) क्योंकि उसे खेलना पसंद है।<br>(iv) क्योंकि उसने शिक्षा प्राप्त नहीं की। | 1 |
| **(घ)** | छात्रों को समय की कद्र करने से क्या लाभ होता है?<br>(i) वे स्वस्थ हो जाते हैं।<br>(ii) वे मेधावी बन जाते हैं।<br>(iii) वे सभी विषयों में 100% अंक प्राप्त करते हैं।<br>(iv) वे लोकप्रिय हो जाते हैं। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| **(ङ)** | इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक होगा<br>(i) समय का मूल्य<br>(ii) जीवन का लक्ष्य<br>(iii) विद्यार्थी जीवन में समय का महत्त्व<br>(iv) अनुशासन | 1 |
| | **अपठित पद्यांश** | |
| **प्रश्न 2** | **निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर का चयन कीजिए –** | **5** |
| | बात सभी ने यह है मानी।<br>हवा सुबह की बड़ी सुहानी।<br>सदा ताज़गी देती है यह।<br>आलस को हर लेती है यह ॥<br>यह रोगी न होने देती।<br>तनिक न सेहत खोने देती।<br>सुबह सैर पर जाकर देखो।<br>हवा निराली पाकर देखो।<br>अगर सैर पर नित जाओगे।<br>अच्छी सेहत तुम पाओगे। | |
| **(क)** | इस कविता में किसका गुणगान किया गया है?<br>(i) सुबह की ताज़गी भरी हवा का<br>(ii) सुबह-सुबह योगाभ्यास करने का<br>(iii) सुबह-सवेरे कसरत करने का<br>(iv) इन सभी का | 1 |
| **(ख)** | सुबह की हवा के बारे में क्या बताया गया है?<br>(i) सुबह की हवा ताज़गी देती है।<br>(ii) यह स्वस्थ रखती है।<br>(iii) यह अच्छी सेहत देती है।<br>(iv) उपर्युक्त सभी | 1 |
| **(ग)** | सुबह सैर पर जाने से क्या लाभ मिलेगा?<br>(i) व्यक्ति धनवान बनेगा ।<br>(ii) अच्छा स्वास्थ्य मिलेगा ।<br>(iii) अच्छे दोस्त बनेंगे ।<br>(iv) इनमें कोई नहीं । | 1 |
| **(घ)** | इस कविता का सबसे उपयुक्त शीर्षक होगा ?<br>(i) सुबह की हवा<br>(ii) सुबह की सैर<br>(iii) अच्छी सेहत एक वरदान<br>(iv) आलस्य दूर भगाने का मंत्र | 1 |
| **(ङ)** | अगर नित सैर पर जाओगे तो क्या होगा?<br>(i)सेहत खराब होगी.<br>(ii)आलस बढ़ेगा<br>(iii)अच्छी सेहत पाओगे.<br>(iv)थकान बढ़ेगी | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | **पठित गद्यांश** | |
| **प्रश्न 3** | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर का चयन कीजिए –** | **5** |
| | मॉरिशस वह देश है, जिसका कोई भी हिस्सा समुद्र से पंद्रह मील से ज्यादा दूर नहीं है। मॉरिशस वह देश है, जहाँ की जनसंख्या के 67 प्रतिशत लोग भारतीय खानदान के हैं तथा जहाँ 53 प्रतिशत लोग हिंदू हैं। मॉरिशस वह देश है, जिसकी राजधानी पोर्टलुई की गलियों के नाम कलकत्ता, मद्रास, हैदराबाद और बम्बई हैं तथा जिसके एक पूरे मोहल्ले का नाम काशी है। मॉरिशस वह देश है, जहाँ बनारस भी है, गोकुल भी है और ब्रह्मस्थान भी। मॉरिशस वह देश है, जहाँ माध्यमिक स्कूलों को कॉलेज कहने का रिवाज है। चूँकि मॉरिशस के हिंदुओं में से अधिकांश बिहार और उत्तर प्रदेश के लोग हैं, इसलिए हिंदी का मॉरिशस में व्यापक प्रचार है। मॉरिशस की राजभाषा अंग्रेजी, किंतु संस्कृति की भाषा फ्रेंच है। मगर जनता वहाँ क्रेयोल बोलती है। | |
| **(क)** | यह गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?<br>(i) सत्रिया और बिहू नृत्य से (ii) पेड़ की बात से<br>(iii) हिंद महासागर में छोटा-सा हिन्दुस्तान से (iv) परीक्षा से | **1** |
| **(ख)** | इस गद्यांश के लेखक कौन हैं ?<br>(i) जया मेहता (ii) जगदीशचंद्र बसु<br>(iii) रामधारी सिंह दिनकर (iv) प्रेमचंद | **1** |
| **(ग)** | मॉरिशस की राजधानी क्या है ?<br>(i) मद्रास (ii) हैदराबाद<br>(iii) बंबई (iv) पोर्टलुई | **1** |
| **(घ)** | मॉरिशस की राजभाषा क्या है ?<br>(i) हिंदी (ii) संस्कृत<br>(iii) क्रेयोल (iv) अंग्रेजी | **1** |
| **(ङ)** | मॉरिशस में कितने प्रतिशत भारतीय है ?<br>(i) 10 (ii) 53<br>(iii) 67 (iv) 63 | **1** |
| | **पठित पद्यांश** | |
| **प्रश्न 4** | **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर का चयन कीजिए –** | **5** |
| | जो तनिक हवा से बाग हिली<br>लेकर सवार उड़ जाता था।<br>राणा की पुतली फिरी नहीं<br>तब तक चेतक मुड़ जाता था।<br>कौशल दिखलाया चालों में<br>उड़ गया भयानक भालों में।<br>निर्भीक गया वह ढालों में<br>सरपट दौड़ा करवालों में।<br>है यहीं रहा, अब यहाँ नहीं | |

| | | |
|---|---|---|
| | वह वहीं रहा है वहाँ नहीं।<br>थी जगह न कोई जहाँ नहीं<br>किस अरि-मस्तक पर कहाँ नहीं। | |
| **(क)** | यह पद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?<br>(i) जलाते चलो से (ii) चेतक की वीरता से<br>(iii) हिंद महासागर में छोटा-सा हिन्दुस्तान से (iv) परीक्षा से | **1** |
| **(ख)** | इस पद्यांश के कवि कौन हैं ?<br>(i) सूरदास (ii) श्यामनारायण पाण्डेय<br>(iii) रामधारी सिंह दिनकर (iv) कवि प्रदीप | **1** |
| **(ग)** | प्रस्तुत पद्यांश में शत्रु के लिए कौन-सा शब्द प्रयोग किया गया है ?<br>(i) भयानक (ii) निर्भीक (iii) अरि (iv) मस्तक | **1** |
| **(घ)** | चेतक किसे लेकर उड़ जाता था ?<br>(i) तलवार को (ii) दुश्मन को (iii) राणा को (iv) हवा को | **1** |
| **(ङ)** | चेतक अपना कौशल कहाँ दिखलाता था ?<br>(i) मुड़ने में (ii) चालो में (iii) लड़ने में (iv) ढालो में | **1** |
| | **खंड 'ख' - व्याकरण (12 अंक)** | |
| **प्रश्न 5** | **निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए –** | **12** |
| **(क)** | निम्नलिखित शब्दों में संज्ञा शब्द कौन-सा है ?<br>(i) लड़ना (ii) बहादुर (iii) चाल (iv) मॉरिशस | **1** |
| **(ख)** | **मेरा दोस्त सोहन ,अपने भाई के साथ आ रहा है \|** वाक्य में संज्ञा शब्द कौन-सा है ?<br>(i) अपने (ii) मेरा (iii) सोहन (iv) साथ | **1** |
| **(ग)** | निम्नलिखित शब्दों में से सर्वनाम शब्द कौन-सा होगा ?<br>(i) यह (ii) शेर (iii) नीला (iv) खाना | **1** |
| **(घ)** | निम्नलिखित शब्दों में से सर्वनाम शब्द कौन-सा होगा ?<br>(i) बच्चे ii) वह (iii) कलम (iv) रमेश | **1** |
| **(ङ)** | नीचे दी गई कहावत का अर्थ बताते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए ?<br>(i)एक अनार सौ बीमार | **1** |
| **(च)** | निम्नलिखित शब्दों में से विशेषण कौन-सा है ?<br>(i) राणा (ii) लाल (iii) वह (iv) तलवार | **1** |
| **(छ)** | निम्नलिखित में समानार्थी शब्द का सही युग्म कौन-सा है ?<br>(i) हवा-अनल (ii) रण-तुरंग (iii) नभ-गगन (iv) पृथ्वी – राकेश | **1** |
| **(ज)** | निम्नलिखित शब्दों में से **युद्ध** का समानार्थी शब्द कौन-सा है ?<br>(i) राणा (ii) दुश्मन (iii)रण (iv) ऊँचा | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| | | |
| **(झ)** | सरल शब्द का विपरीतार्थक शब्द कौन-सा है ?<br>(i) आसान (ii) मुश्किल (iii) कठिन (iv) दुर्लभ | **1** |
| **(ञ)** | **विष** शब्द का विपरीतार्थक शब्द कौन-सा है ?<br>(i) ज़हर (ii)बुरा (iii) अमृत (iv) जहरीला | **1** |
| **(ट)** | शुद्ध वर्तनी वाले शब्द का चयन करें:<br>(i) अशीर्वाद (ii) आशीर्वाद<br>(iii) आर्शीवाद (iv) आसिर्वाद | **1** |
| **(ठ)** | 'आँखों का तारा' मुहावरे का सही अर्थ क्या है?<br>(i) आँख में दर्द होना (ii) बहुत प्यारा होना<br>(iii) कम दिखाई देना (iv) आँखों की देखभाल करना | **1** |
| | **खंड 'ग' – पाठ्यपुस्तक पर आधारित प्रश्न (12 अंक)** | |
| **प्रश्न 6** | **निम्नलिखित गद्य पर आधारित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर दें:** | **(2x3=6)** |
| (क) | बीज के अंकुरित होने में किस-किस का सहयोग मिलता है ? | |
| (ख) | यदि कहानी में दीवान साहब के स्थान पर आप होते तो योग्य व्यक्ति को कैसे चुनते ? | |
| (ग) | नौकरी की चाह में आए लोगों ने नौकरी पाने के लिए कौन-कौन से प्रयत्न किए ? | |
| (घ) | यदि आप एक किसान होते, तो फसल कटने पर अपनी खुशी कैसे व्यक्त करते? | |
| **प्रश्न 7** | **निम्नलिखित पद्य पर आधारित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर दें:** | **(2x3=6)** |
| (क) | यशोदा माता ने श्रीकृष्ण को गले क्यों लगा लिया ? | |
| (ख) | 'मैया मैं नहीं माखन खायो' पद में कृष्ण के द्वारा अपनी बात मनवाने के लिए माँ यशोदा को दिये गये कौन-से तर्क आपको सबसे रोचक लगे? | |
| (ग) | "राणा की पुतली फिरी नहीं, तब तक चेतक मुड़ जाता था"— इस पंक्ति का क्या अर्थ है? | |
| (घ) | चेतक की बहादुरी और कुर्बानी को देखकर आपको क्या लगता है कि आज हमें जानवरों के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए? क्या आज के मशीनी युग में हम प्रकृति और पशुओं के साथ वैसी ही दोस्ती और वफादारी निभा रहे हैं जैसी राणा प्रताप और चेतक के बीच थी? | |
| | **खंड 'घ' - रचनात्मक लेखन (16 अंक)** | |
| | | |
| **प्रश्न 8** | **किसी एक विषय पर 80 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए –**<br><br>**सच्चा मित्र**<br>संकेत बिंदु:<br>▪ सच्चे मित्र का अर्थ<br>▪ सच्चे मित्र का महत्व<br>▪ सच्चे मित्र के गुण<br>**अथवा**<br>**जल ही जीवन है**<br>संकेत बिंदु:<br>● जल का महत्व | **6** |

| | | |
|---|---|---|
| | • जल की बर्बादी<br>• संरक्षण के उपाय | |
| **प्रश्न 9** | **किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए।**<br><br>आपके बड़े भाई की शादी हैं \| इसके लिए प्राचार्य महोदय को चार दिन के अवकाश का प्रार्थना पत्र लिखो \|<br>**अथवा**<br>अपनी छोटी बहन को पत्र लिखकर उनको परीक्षा में अच्छे अंक लाने की शुभकामनाएँ दीजिए\| | **5** |
| **प्रश्न 10** | **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80 शब्दों में संवाद लिखिए –**<br>श्री कृष्ण और माता यशोदा के बीच हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए –<br>**अथवा**<br>सब्जी वाले और ग्राहक के बीच संवाद | **5** |